www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**UGC NET Paper 2 December 26, 2010 Shift 1 Psychology Question Paper**

# PAPER-II
# PSYCHOLOGY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________
   (Name) ______________________________
2. (Signature) ___________________________
   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ...........................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.___________________________________

(In words)

**D 0 4 1 0**

Time : 1 $^1/_4$ hours] [Maximum Marks : **100**

| Number of Pages in this Booklet : **16** | Number of Questions in this Booklet : **50** |
|---|---|

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।
11. किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।
12. गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# PSYCHOLOGY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions. There is only one correct answer in each question.

**1.** Thurstone's law of comparative judgement is the basis of measurement of

(A) Anxiety
(B) Aptitude
(C) Interest
(D) Attitudes

**2.** According to James-Lange theory of emotions, felt emotions depend upon the

(A) activity of lower brain areas
(B) perception of bodily changes
(C) activity of higher brain processes
(D) interpretation of bodily arousal

**3.** According to Guilford's structure of Intellect Model, number of operations, contents and products are

(A) 4, 5 and 6 (B) 5, 4 and 6
(C) 6, 5 and 4 (D) 5, 6 and 4

**4.** For creativity what is needed ?

(a) Focused recall
(b) Identification of problem
(c) Contrary recognition
(d) Observing specific rules

**Codes :**

(A) (a), (c) and (d)
(B) (b), (d) and (a)
(C) (a), (b) and (c)
(D) (d), (c) and (b)

**5.** Positron Emission Tomography detects

(A) metabolism level of injected glucose which is mildly radioactive.
(B) three dimensional images through non-invasive techniques.
(C) various parts of brain as depicted by X-ray rotation.
(D) details of brain pathology through magnetic fields rotated around brain.

**6.** When will behaviour be most motivated ?

(A) Reinforcement has been frequent in the past.
(B) Deprivation and drive is high.
(C) High desirability of reward.
(D) All of the above.

**7.** Which trait is not a part of Big-five personality traits ?

(A) Agreeableness
(B) Conscientiousness
(C) Openness
(D) Self assertiveness

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# मनोविज्ञान

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न में केवल एक उत्तर ही सही है ।

**1.** थरस्टोन के तुलनात्मक निर्णय का नियम निम्नलिखित के माप का आधार है :

(A) चिन्ता
(B) अभिक्षमता
(C) रुचि
(D) अभिवृत्ति

**2.** संवेगों के जेम्स लैंग सिद्धान्त के अनुसार अनुभूत-संवेग निम्नलिखित पर निर्भर करते हैं :

(A) निचले मस्तिष्क क्षेत्रों की गतिविधि
(B) दैहिक परिवर्तनों का प्रत्यक्षण
(C) ऊपरी मस्तिष्क प्रक्रमों की गतिविधि
(D) दैहिक उद्दोलन का निर्वचन

**3.** गिलफॉर्ड के बुद्धि मॉडल की संरचना के अनुसार, संक्रियाओं, अंतर्वस्तुओं और उत्पादों की संख्या होती है

(A) 4, 5 और 6
(B) 5, 4 और 6
(C) 6, 5 और 4
(D) 5, 6 और 4

**4.** सृजनात्मकता के लिये किसकी आवश्यकता होती है ?

(a) केन्द्रित प्रत्याह्वान
(b) समस्या की पहचान
(c) विपरीतार्थक पहचान
(d) विशिष्ट नियमों का पालन करना

कूट :

(A) (a), (c) और (d)
(B) (b), (d) और (a)
(C) (a), (b) और (c)
(D) (d), (c) और (b)

**5.** पोज़िट्रोन एमिशन (उत्सर्जन) टॉमोग्राफी निम्नलिखित का पता लगाता है :

(A) अंत:क्षेपित ग्लुकोस, जो हल्का सा रेडियोसक्रिय है, के चयापचय का स्तर।
(B) गैर-इनवेसिव तकनीक के जरिये तीन-आयामी चित्र
(C) एक्स-रे घूर्णन द्वारा चित्रित मस्तिष्क के विभिन्न भाग
(D) मस्तिष्क के चारों ओर घुमाये मस्तिष्क विकृति विज्ञान का ब्यौरा

**6.** व्यवहार कब सर्वाधिक अभिप्रेरित होता है ?

(A) पूर्व में पुनर्बलन अक्सर होता था ।
(B) वंचन और अंतर्नोद
(C) पुरस्कार की उच्च वांछनीयता
(D) उपर्युक्त सभी

**7.** बिग-फाइव पर्सनलेटी ट्रेटस् का हिस्सा कौन सा शीलगुण नहीं है ?

(A) अनुकूलता
(B) अंतर्भावनाशीलता
(C) खुलापन
(D) आग्रहिता

Prepp
Your Personal Exams Guide

**8.** Match the List – I with List – II :

| List – I<br>Type of Theory | List – II<br>Focus |
|---|---|
| (a) Psychoanalysis | 1. Childhood experiences |
| (b) Trait | 2. Relatively enduring characteristics |
| (c) Learning | 3. Potential for growth |
| (d) Humanistic | 4. Reinforced response |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**9.** According to Piaget, which is the correct order of emergence of following abilities ?

1. Concentration
2. Propositional thinking
3. Transitive inference
4. Mental representation of reality

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (B) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (C) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (D) | 1 | 4 | 3 | 2 |

**10.** The visual field each eye covers is

(A) 95°

(B) 105°

(C) 130°

(D) 145°

**11.** Match the List – I with List – II :

| List – I<br>Researcher | List – II<br>Field of Research |
|---|---|
| (a) Gestalt | 1. Pandemonium |
| (b) Selfridge | 2. Isomorphism |
| (c) Biederman | 3. Apparent movement |
| (d) Wertheimer | 4. Geons |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**12.** **Assertion (A) :** Test–Retest is a good method to find reliability of psychometric personality test.

**Reason (R) :** Traits are relatively stable in nature.

(A) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the explanation of (A).

(B) (A) is true, but (R) is false.

(C) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**13.** A situation in which the person is attracted towards two incompatible positive goals at the same time is known as

(A) Approach – avoidance conflict

(B) Approach – approach conflict

(C) Avoidance – avoidance conflict

(D) Multiple approach – avoidance conflicts

Prepp
Your Personal Exams Guide

**8.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| सूची – I (सिद्धान्त का प्रकार) | सूची – II (फोकस) |
|---|---|
| (a) मनोविश्लेषण | 1. बचपन का अनुभव |
| (b) शीलगुण | 2. तुलनात्मक रूप से स्थायी विशेषताएँ |
| (c) अधिगम | 3. संवृद्धि के लिये संभाव्यता |
| (d) मानवतावादी | 4. पुनर्बलित अनुक्रिया |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**9.** पियाजे के अनुसार, निम्नांकित योग्यताओं के उद्भव का सही क्रम क्या है ?

1. एकाग्रता
2. उक्ति विषयक चिंतन
3. सकर्मक अनुमान
4. वास्तविकता का मानसिक प्रतिरूपण

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (B) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (C) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (D) | 1 | 4 | 3 | 2 |

**10.** प्रत्येक आँख का दृष्टि क्षेत्र है

(A) 95°

(B) 105°

(C) 130°

(D) 145°

**11.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| सूची – I अनुसंधानकर्ता | सूची – II अनुसंधान का क्षेत्र |
|---|---|
| (a) गैस्टाल्ट | 1. पैन्डिमोनिअम मॉडल |
| (b) सेलफ्रिज | 2. समाकृतिकता |
| (c) बायडरमैन | 3. प्रकट गति |
| (d) वरदाईमर | 4. जिओंन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**12.** **अभिकथन (A) :** मनोमितिक व्यक्तित्व परीक्षणों की विश्वसनीयता ज्ञात करने के लिये परीक्षण - पुन: परीक्षण सर्वोत्तम विधि है ।

**कारण (R) :** शीलगुण तुलनात्मक रूप से स्थिर प्रकृति के होते हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं है ।

(B) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**13.** जब व्यक्ति एक ही समय पर दो असंगत सकारात्मक लक्ष्यों के प्रति आकर्षित होता है, उस स्थिति को क्या कहा जाता है ?

(A) पहुँच - परिहार द्वंद्व

(B) पहुँच - पहुँच द्वंद्व

(C) परिहार - परिहार द्वंद्व

(D) बहु पहुँच - परिहार द्वंद्व

Prepp
Your Personal Exams Guide

**14.** Match the List-I with List-II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Two Factor Theory | 1. Vernon |
| (b) Factor Analytic Theory | 2. Guilford |
| (c) Structure of Intellect Model | 3. Charles Spearman |
| (d) Hierarchical Model of Intelligence | 4. Thurston |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**15.** Most sensory information is relayed to the cerebral cortex via

(A) Medulla Oblongata
(B) Cerebellum
(C) Pons
(D) Hypothalamus

**16.** Personality variable that accounts for vulnerability to stress

(A) Self-efficacy
(B) Hardiness
(C) Locus of control
(D) Sociability

**17.** In films & television programmes, principle of visual perception used is

(A) Stroboscopic
(B) Stereoscopic
(C) Binocular parallax
(D) Gamma movement

**18.** If primary reinforcement is given in larger quantity, after few trials, the animal will

(A) stop learning
(B) learn faster
(C) learn with medium speed
(D) learn much more than expected

**19.** Match the List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Jensen | 1. Tetrad difference |
| (b) Spearman | 2. Operations |
| (c) Guilford | 3. Hierarchy |
| (d) Vernon | 4. Regression Argument |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (B) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (C) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (D) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**20.** Speed of Nerve Impulse is influenced by

(A) Number of Dendrites
(B) Length of Axon
(C) Covering by Myelin Sheath
(D) None of the above

**21.** Which chemical substance is not present in synapse ?

(A) Acetylcholine
(B) Serotonin
(C) Catecholamine
(D) Epinephrine

**14.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) दो फैक्टरी सिद्धान्त | 1. वरनॉन |
| (b) कारक विश्लेषिक सिद्धान्त | 2. गिलफॉर्ड |
| (c) बुद्धि मॉडल की संरचना | 3. चार्ल्स स्पीयरमैन |
| (d) बुद्धि का सौपानिक मॉडल | 4. थर्स्टन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**15.** अधिकांश संवेदी सूचना प्रमस्तिष्कीय वल्कुट को निम्नलिखित के जरिये प्रसारित होती है :

(A) मज्जा दीर्घायत (मैडुला ऑबलाँगाटा)

(B) अनुमस्तिष्क

(C) सेतु (पोन्स)

(D) हाइपोथैलमस

**16.** व्यक्तित्व चर जो व्यथा के प्रति नाजुकपन या अति संवेदनशीलता का कारण बताता है के निम्नलिखित है :

(A) स्व-प्रभावोत्पादकता

(B) कठोरता

(C) नियन्त्रण का केन्द्र

(D) मैत्रीपूर्णता

**17.** फिल्म एवं टेलीविज़न कार्यक्रमों में, दृष्टि प्रत्यक्षण का निम्नलिखित सिद्धान्त उपयोग किया जाता है :

(A) घूर्णनदर्शी (स्ट्राबोस्कोपी)

(B) त्रिविमदर्शी (स्टीरियोस्कोपी)

(C) द्विनेत्री दिशान्तर आभास (बायनोकूलर पैरालेक्स)

(D) गामा गति

**18.** प्राथमिक पुनर्बल यदि कुछ परीक्षणों के पश्चात् अधिक मात्रा में दी जाय तो पशु

(A) सीखना बन्द कर देगा ।

(B) जल्दी सीखेगा ।

(C) मध्यम गति से सीखेगा ।

(D) अपेक्षा से अधिक सीखेगा ।

**19.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) जेन्सन | 1. चतुष्क अन्तर |
| (b) स्पीयरमैन | 2. संक्रियाएँ |
| (c) गिलफॉर्ड | 3. सौपान (या अधिक्रम) |
| (d) वरनॉन | 4. प्रतिश्रयण तर्क |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (B) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (C) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (D) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**20.** स्नायु आवेग की चाल निम्नलिखित द्वारा प्रभावित होती है :

(A) वृक्षिकाओं की मात्रा

(B) अक्षतन्तु (एक्सॉन)

(C) धवल मज्जाच्छद की ऊपरी परत (कवरिंग)

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**21.** तंत्रिका-कोष संधि (या न्यूरोन संधि) रासायनिक पदार्थ मौजूद नहीं रहता है

(A) ऐसिटिलकोलीन

(B) सीरोटोनाइन

(C) कैटिकोलोमाइन

(D) एपिनेफ्रिन

Prepp
Your Personal Exams Guide

**22.** Match the List – I with List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Sperling | 1. Echo |
| (b) Neisser | 2. Working memory |
| (c) Baddeley | 3. Visual sensory memory |
| (d) Bower | 4. Mood dependent memory |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**23.** Personality theory of H.J. Eysenck does not include one of these
(A) Extraversion
(B) Neuroticism
(C) Psychoticism
(D) Openness

**24.** Arbitrary zero is the characteristic of which scale ?
(A) Ratio Scale
(B) Ordinal Scale
(C) Interval Scale
(D) Nominal Scale

**25.** Parameter is characteristic of
(A) the sample
(B) the population
(C) an individual
(D) a test

**26.** Sensory storage was included in following models of memory :
(A) Waugh & Norman, Bower and James
(B) Waugh & Norman, Bower and Atkinson-Shiffrin
(C) Broadbent, Waugh and Norman and James
(D) Murdock, Bower and Atkinson Shiffrin

**27.** In short term memory experiments, when a stimulus is presented visually, it is coded
(A) Visually
(B) Auditarily
(C) Semantically
(D) All of the above

**28.** Which of the following motivation is contrasting to the drive reduction goal theories ?
(A) Sensation seeking
(B) Sexual motivation
(C) Hunger
(D) Homeostasis

**29.** The theory of motivation that emphasizes the need to accomplish something :
(A) Need Hierarchy Theory
(B) ERG Theory
(C) Motivator-hygiene Theory
(D) Achievement Motivation Theory

**30.** Match the List – I with List – II :

| List – I<br>Part of Brain | List – II<br>Function |
|---|---|
| (a) Broca's area | 1. Language comprehension |
| (b) Wernicke's arc | 2. Balance and motor |
| (c) Cerebellum | 3. Production of language |
| (d) Angular gyrus | 4. Written language comprehension |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**22.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) स्पर्लिंग | 1. गूँज (प्रतिध्वनि) |
| (b) नीस्सर | 2. सक्रिय स्मृति |
| (c) बैडले | 3. दृष्टि संवेदी स्मृति |
| (d) बाउवर | 4. मूड आश्रित स्मृति |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**23.** एच.जे. आइसेंक का व्यक्तित्व सिद्धान्त निम्नलिखित में से एक को समाविष्ट नहीं करता है :

(A) बहिर्मुखी

(B) मन:स्ताप

(C) मनोविक्षिप्तता

(D) निश्छल

**24.** स्वैच्छाचारी शून्य किस मापनी की विशेषता है ?

(A) अनुपात मापनी

(B) क्रम सूचक मापनी

(C) अंतराल मापनी

(D) नामिक मापनी

**25.** प्राचल है

(A) प्रतिदर्श का लक्षण

(B) जनसंख्या का लक्षण

(C) व्यक्ति का लक्षण

(D) परीक्षण का लक्षण

**26.** सांवेदिक संग्रह को स्मृति के निम्नांकित मॉडलों में सम्मिलित किया गया है :

(A) वॉ एवं नॉरमैन, बाउवर और जेम्स

(B) वॉ एवं नॉरमैन, बाउवर और एटकिंसन - शिफरिन

(C) ब्राडबेंट, वॉ एवं नॉरमैन और जेम्स

(D) मर्डोक, बाउवर और एटकिंसन - शिफरिन

**27.** अल्पकालिक स्मृति प्रयोगों में, जब उद्दीपक दृष्टिगत रूप से प्रस्तुत किया जाता है, तो इसे निम्नलिखित रूप से कोडबद्ध किया जाता है :

(A) दृष्टिगत रूप से

(B) श्रवणात्मक रूप से

(C) शब्दार्थत:

(D) उपर्युक्त सभी

**28.** निम्नांकित अभिप्रेरणाओं में से कौन सी अंतर्नोद न्यूनीकरण लक्ष्य सिद्धान्त से भिन्न है ?

(A) संवेदन की चेष्टा

(B) लिंगमूलक अभिप्रेरणा

(C) भूख

(D) समस्थिति

**29.** अभिप्रेरणा का सिद्धान्त जो कुछ गुणयुक्त होने की आवश्यकता पर ज़ोर देता है

(A) आवश्यकता अधिक्रम सिद्धान्त

(B) ई.आर.जी. सिद्धान्त

(C) अभिप्रेरक-स्वच्छता सिद्धान्त

(D) उपलब्धि अभिप्रेरणा सिद्धान्त

**30.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| सूची – I (मस्तिष्क का भाग) | सूची – II (प्रकार्य) |
|---|---|
| (a) ब्रोका का क्षेत्र | 1. भाषा बोध (समझ) |
| (b) वर्निक का आर्क | 2. संतुलन और प्रेरक |
| (c) प्रमस्तिष्क | 3. भाषा की रचना |
| (d) कोणीय कर्णक (जाइरस) | 4. लिखित भाषा का बोध |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 2 | 3 | 1 |

31. Which one is not correctly matched ?
   (A) Osgood : Semantic Differential
   (B) Likert : Rating Scale
   (C) Bogardus : Social distance
   (D) Guttman : Equal-appearing intervals

32. **Assertion (A) :** Gestalt psychologists provided evidence for problem solving by insight.
   **Reasoning (R) :** The internal thinking works like explicit trial and error.
   **Code :**
   (A) Both (A) and (R) are false.
   (B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
   (C) (A) is true, but (R) is false.
   (D) (A) is false, but (R) is true.

33. Match the List – I with List – II :

| **List – I** Type of defense mechanism | **List – II** Basic Idea |
|---|---|
| (a) Isolation | 1. Attribution of intentions originated in self to others. |
| (b) Projection | 2. No emotional reaction for the event. |
| (c) Rationalization | 3. Acceptable reason for unacceptable thought. |
| (d) Sublimation | 4. Redirecting tensions |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (B) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

34. Culture-Fair Intelligence Test developed by Cattell is a
   (A) Performance Test
   (B) Speed Test
   (C) Power Test
   (D) None of these

35. **Assertion (A) :** Perceptual constancy occurs when perception remains same while sensation changes.
   **Reason (R) :** Perceptual constancy indicates that high level constructive processes are working during perception.
   **Code :**
   (A) (A) and (R) both are true and (R) is the correct explanation of (A).
   (B) (A) and (R) both are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
   (C) (A) is true, but (R) is false.
   (D) (A) and (R) both are false.

36. Which of the following examples does not reflect inductive reasoning ?
   (A) Probabilistic conclusions
   (B) Processes involved in concept formation
   (C) Heuristics
   (D) Decision making

37. "Reinforcement will have positive effect on performance." Which type of hypothesis is this ?
   (A) Null and Directional
   (B) Alternate and Directional
   (C) Null and Non-directional
   (D) Alternate and Non-directional

38. According to Allport, individual's traits are of 3 levels.
   (A) Cardinal, central and secondary
   (B) Primary, cardinal and central
   (C) Central, peripheral and dominant
   (D) Primary, secondary and central

**31.** निम्नांकित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?

(A) ऑसगुड : शब्दार्थ विभेद

(B) लिकर्ट : निर्धारण मापनी

(C) बोगारडस : सामाजिक दूरी

(D) गट्टमैन : समान दिखाई पड़ने वाले अंतराल

**32.** **अभिकथन (A) :** गैस्टाल्ट मनोवैज्ञानिकों ने अंत:दृष्टि द्वारा समस्या समाधान के लिये साक्ष्य प्रदान किया ।

**कारण (R) :** आंतरिक चिंतन सुस्पष्ट प्रयत्न एवं त्रुटि के तरह से कार्य करता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**33.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** (रक्षात्मक मनोरचनाओं का प्रकार) | **सूची – II** (मूलभूत विचार) |
|---|---|
| (a) अलगाव | 1. स्वयं में जनित इच्छाओं का दूसरों पर गुणारोपण |
| (b) प्रक्षेपण | 2. घटना के लिये कोई संवेगात्मक प्रतिक्रिया नहीं |
| (c) युक्तिकरण | 3. अस्वीकार्य विचार के लिये स्वीकार्य कारण |
| (d) उदात्तीकरण | 4. तनावों का पुन:निदेशन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (B) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**34.** कट्टेल द्वारा विकसित संस्कृति-मुक्त बुद्धि परीक्षण निम्नलिखित है :

(A) निष्पादन परीक्षण

(B) गति परीक्षण

(C) शक्ति परीक्षण

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**35.** **अभिकथन (A) :** प्रत्यक्ष सातत्य तब होता है जब प्रत्यक्षण वही रहता है और संवेदन बदल जाता है ।

**कारण (R) :** प्रत्यक्ष सातत्य इंगित करता है कि उच्च स्तरीय रचनात्मक प्रक्रम प्रत्यक्षण के दौरान कार्य कर रहे हैं ।

**कूट :**

(A) अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही तथा कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन एवं कारण दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R) अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता ।

(C) अभिकथन (A) सही है, पर कारण (R) गलत है ।

(D) अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों गलत हैं ।

**36.** निम्नांकित उदाहरणों में से कौन सा आगमनात्मक तर्कणा को प्रकट करता नहीं है ?

(A) सम्भावित निष्कर्ष

(B) प्रत्यय निर्माण से जुड़ा प्रक्रम

(C) अन्वेषणात्मक

(D) निर्णय लेना

**37.** "पुनर्बलन का निष्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा" यह किस प्रकार की परिकल्पना है ?

(A) निराकरणीय और दिशा अभिविन्यास

(B) वैकल्पिक और दिशा अभिविन्यास

(C) निराकरणीय और गैर-दिशा अभिविन्यास

(D) वैकल्पिक और गैर-दिशा अभिविन्यास

**38.** ऑलपॉर्ट के अनुसार, व्यक्ति के शीलगुण तीन स्तरों के हैं :

(A) मौलिक, केन्द्रीय और गौण

(B) प्राथमिक, मौलिक और केन्द्रीय

(C) केन्द्रीय, परिधीय और प्राधान्य

(D) प्राथमिक, गौण और केन्द्रीय

Prepp
Your Personal Exams Guide

**39.** Which of the following should not be used in cross-cultural studies ?
(A) Psychometric tests
(B) Projective tests
(C) Observations
(D) Interviews

**40.** Which of the following cannot be the necessary characteristic of a creative person ?
(A) Prefers complexity
(B) Independent in judgement
(C) Self assertive
(D) Follows rule

**41.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :
**Assertion (A)** : Identical twins raised apart have more similar IQs than non-identical twins raised together.
**Reason (R) :** The closer the genetic relationship between two people, the closer their IQ will be.
In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation.
(B) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation.
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**42.** Experiment is defined as "observation under controlled conditions". What an experimenter observes ?
(A) Changes in Independent Variable
(B) Changes in Dependent Variable
(C) Changes in Extraneous Variable
(D) All of these

**43.** If delayed retention test is taken after completion of interpolated activity –
(a) less retroactive interference will be seen.
(b) more retroactive interference will be seen.
(c) no proactive interference will be seen.
(d) more proactive interference will be seen.
(A) (a) & (d)  (B) (b) & (c)
(C) (a) & (c)  (D) (b) & (d)

**44.** The correct order of highest to lowest performance in memory experiments is
(A) Recognition, relearning and recall.
(B) Relearning, recognition and recall.
(C) Recognition, recall and relearning
(D) Recall, relearning and recognition

**45.** Match the List – I with List – II :

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| (a) Perceptual thinking | 1. Abstract thinking |
| (b) Conceptual thinking | 2. Insightful thinking |
| (c) Reflective thinking | 3. Divergent thinking |
| (d) Creative thinking | 4. Concrete thinking |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**39.** प्रति-सांस्कृतिक अध्ययनों में निम्नांकित में से किसका उपयोग नहीं करना चाहिए ?

(A) मनोमितिक परीक्षण
(B) प्रक्षेपी परीक्षण
(C) प्रेक्षण
(D) साक्षात्कार

**40.** सृजनात्मक व्यक्ति की अनिवार्य विशेषता निम्नांकित में से कौन सी नहीं हो सकती है ?

(A) जटिलता पसन्द
(B) स्वतन्त्र निर्णय
(C) स्वाग्रही
(D) नियम का पालन

**41.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** एकसम जुड़वाँ बच्चों, जिनका पालन-पोषण अलग-अलग हुआ हैं, का IQ (आई-क्यू) ज्यादा एक समान होता है, अपेक्षाकृत उन विषम जुड़वाँ बच्चों के जिनका पालन एक साथ हुआ है ।

**कारण (R) :** दो व्यक्तियों के बीच जैविक सम्बन्ध जितना घनिष्ट होता है, उतना ही उनका IQ एक जैसा होता है ।

उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नांकित में से सही उत्तर कौन सा है ?

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**42.** प्रयोग की परिभाषा "नियन्त्रित स्थितियों में प्रेक्षण" के रूप में की गई है । एक प्रयोगकर्ता क्या प्रेक्षण करता है ?

(A) स्वतन्त्र चर में परिवर्तन
(B) आश्रित चर में परिवर्तन
(C) बाहरी या विषयेतर चर में परिवर्तन
(D) उपर्युक्त सभी

**43.** यदि अंतर्वेशित गतिविधि की समाप्ति के बाद विलम्बित अवधारण (स्मरण) परीक्षण किया जाता है, तो

(a) कम पृष्ठोन्मुख अवरोध दिखाई पड़ेगा ।
(b) ज्यादा पृष्ठोन्मुख अवरोध दिखाई देगा ।
(c) कोई अग्रोन्मुख अवरोध दिखाई न देगा ।
(d) ज्यादा अग्रोन्मुख अवरोध दिखाई देगा ।

(A) (a) और (d)
(B) (b) और (c)
(C) (a) और (c)
(D) (b) और (d)

**44.** स्मृति के प्रयोग में उच्चतम से निम्नतम निष्पादन का सही क्रम है :

(A) प्रत्यभिज्ञान, पुन:अधिगम, प्रत्यावाहन
(B) पुन:अधिगम, प्रत्यभिज्ञान और प्रत्यावाहन
(C) प्रत्यभिज्ञान, प्रत्यावाहन और पुन:अधिगम
(D) प्रत्यावाहन, पुन:अधिगम और प्रत्यभिज्ञान

**45.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) प्रत्यक्षात्मक चिंतन | 1. अमूर्त चिंतन |
| (b) संप्रत्ययात्मक चिंतन | 2. अंतर्दृष्टिमय चिंतन |
| (c) मननात्मक चिंतन | 3. अपसारी चिंतन |
| (d) सृजनात्मक चिंतन | 4. स्थूल चिंतन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**46.** Match the List – I with List – II :

| List – I<br>Approaches to perception | List – II<br>Characteristics |
|---|---|
| (a) Template matching | 1. Conceptually driven |
| (b) Prototype matching | 2. Abstract pattern |
| (c) Bottom up | 3. Extremely inflexible |
| (d) Top-down | 4. Data driven |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**47.** **Assertion (A)** : Total variance is equal to the sum of true variance and error variance.

**Reason (R)** : True and error components of a score are independent of each other.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are false.

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation.

(D) (A) is true but (R) is false.

**48.** Match the List – I with List – II :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Isolation Effect | 1. Free recall |
| (b) Stroop Effect | 2. Learning a list having all but one uniform items |
| (c) Primacy-Recency Effect | 3. Learning a list of uniform items |
| (d) Recency-Primacy Effect | 4. Learning a list of colour names written with different colours |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**49.** Conditioning is explained in terms of :

(a) Schedules of Reinforcement
(b) Introversion-Extraversion
(c) Excitation-Inhibition processes in central nervous system

**Code :**

(A) Only (a) is correct.
(B) (a) and (b) are correct.
(C) (a) and (c) are correct.
(D) (a), (b) and (c) are correct.

**50.** In which of the following schedules of reinforcement resistance to extinction occurs ?

(a) Variable ratio schedule
(b) Fixed-ratio schedule
(c) Fixed-interval schedule
(d) Variable interval schedule

**Codes :**

(A) (a) and (d) are correct.
(B) (a) and (c) are correct.
(C) (c) and (d) are correct.
(D) (a) and (b) are correct.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**46.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** (प्रत्यक्षण के उपागम) | **सूची – II** (विशेषताएँ) |
|---|---|
| (a) साँचे का मिलान | 1. प्रत्ययात्मक रूप से आधारित |
| (b) आदि प्ररूप का मिलान | 2. अमूर्त अभिकल्प |
| (c) ऊर्ध्वगामी | 3. अति अनमनीय |
| (d) अधोगामी | 4. प्रदत्त आधारित |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**47.** **अभिकथन (A) :** कुल प्रसरण यथार्थ प्रसरण और त्रुटि प्रसरण के योग के बराबर होता है ।

**कारण (R) :** स्कोर के यथार्थ और त्रुटि घटक एक दूसरे से स्वतन्त्र होते हैं ।

कूट :

(A) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(D) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

**48.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) अलगाव का प्रभाव | 1. स्वतन्त्र स्मरण |
| (b) स्टूप प्रभाव | 2. एक एकरूप पद को छोड़कर सूची के सब पदों का अधिगम |
| (c) प्राथमिक-आसन्नता प्रभाव | 3. एकरूप पदों की सूची का अधिगम |
| (d) आसन्नता प्राथमिकता प्रभाव | 4. भिन्न रंगों से लिख कॉलर नामों की सूची का अधिगम |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (D) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**49.** अनुबंधन की व्याख्या निम्नलिखित के सम्बन्ध की जाती है :

(a) पुनर्बलन की अनुसूचियाँ

(b) अंतर्मुखिता - बहिर्मुखिता

(c) केन्द्रीय तन्त्रिकातन्त्र में उत्तेजन - अवरोध प्रक्रम

कूट :

(A) केवल (a) सही है ।

(B) (a) और (b) सही हैं।

(C) (a) और (c) सही हैं ।

(D) (a), (b) और (c) सही हैं ।

**50.** पुनर्बलन की निम्नांकित अनुसूचियों में से किसमें विलोपन का प्रतिरोध होता है ?

(a) चर अनुपात अनुसूची

(b) स्थायी-अनुपात अनुसूची

(c) स्थायी-अंतराल अनुसूची

(d) चर-अंतराल अनुसूची

कूट :

(A) (a) और (d) सही हैं ।

(B) (a) और (c) सही हैं ।

(C) (c) और (d) सही हैं ।

(D) (a) और (b) सही हैं ।

www.prepp.in

Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Your Personal Exam Guide